प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 08.02.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. अयोध्या की मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी चंद्रभानु पासवान ने दर्ज की बड़ी जीत : दिल्ली में भी भारतीय जनता पार्टी को मिला भारी बहुमत।
2. प्रयागराज में महाकुंभ में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला जारी : मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आज त्रिवेणी में किया पवित्र स्नान।
3. केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने आज नोएडा में भारतीय कला इतिहास कांग्रेस के 32 वें सत्र का किया उद्घाटन : कहा– हमारे महाकाव्यों ने देश और दुनिया को सिखाई जीने की कला। और
4. 38वें राष्ट्रीय खेलों में प्रदेश के खिलाड़ियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन जारी : 26 पदकों के साथ राज्य ग्यारहवें पायदान पर।

————————

अयोध्या की मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी चंद्रभानु पासवान ने बड़े बहुमत से जीत दर्ज की है। उन्होंने अपने प्रतिद्वंदी समाजवादी पार्टी के अजीत प्रसाद को 61 हज़ार से ज्यादा वोटों से हरा दिया। भाजपा प्रत्याशी को करीब 1 लाख, 46

हज़ार वोट मिले हैं, वहीं सपा के उम्मीदवार को लगभग 84 हज़ार मत प्राप्त हुए हैं। वहीं आज़ाद समाज पार्टी के उम्मीदवार संतोष कुमार लगभग 5 हज़ार वोटों के साथ तीसरे स्थान पर रहे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस जीत पर भाजपा कार्यकर्ताओं को बधाई दी है। उन्होंने इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में यूपी सरकार के प्रति आमजन के अटूट विश्वास का प्रतीक बताया। बाइट.....

*अयोध्या का यह परिणाम लगभग 61 हजार वोट से भारतीय जनता पार्टी के चन्द्रभानु पासवान की विजय इस बात को प्रमाणित करती है कि जनता जर्नादन का विश्वास डबल इंजन की भारतीय जनता पाटी की सरकार और प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में है मैं चन्द्रभानु पासवासन के विजयी होने पर भारतीय जनता पार्टी और सहयोगी दलों के सभी पदाधिकारियों को अयोध्या के मिल्कीपुर विधानसभा के सभी कार्यकर्ताओं का हृदय से अभिनंदन करता हूं और उन्हें इस बात के लिये आश्वस्त करता हूं कि जिस विश्वास के साथ उन्होंने डबलइंजन की भारतीय जनता पार्टी पर विश्वास जताया है उनकी अपेक्षाओं पर डबल इंजन की भारतीय जनताा पार्टी सरकार खरा उतरेगी।*

नतीजे आने के बाद भाजपा प्रत्याशी ने ढोल नगाड़ों के बीच मतगणना स्थल पहुंच कर प्रमाण पत्र प्राप्त किया। इस मौके पर श्री पासवान ने कहा कि यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जीत है। उन्होंन कहा कि अब मिल्कीपुर की जनता के विकास के लिए काम करना है। बाइट.....

*सर्वप्रथम मिल्कीपुर की सम्मानित देवतुल्य जनता के चरणों में प्रणाम करता हूं मैं वंदन अभिनंदन करता हूं, जिस तरह मोदी जी और योगी जी की नीतियों से प्रभावित होकर उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में अपना*

*मतदान किया और सारे रिकार्ड तोड़ दिये। इसके लिये मैं उनका आजीवन आभारी रहूंगा। वहा की जो मूलभूत सुविधायें होगी तो सम्मान अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक हर सुविधा पहुंचाने का काम करेंगे।*

———————

**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा को मिली जीत के लिए पार्टी पदाधिकारियों और कायकर्ताओं को बधाई दी है। भाजपा ने 70 में से 47 सीटों पर जीत हासिल की है। मुख्यमंत्री ने 27 साल बाद दिल्ली में मिली जीत पर कहा कि यह विजय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के यशस्वी नेतृत्व और समग्र उत्थान को समर्पित नीतियों पर दिल्लीवासियो के विश्वास की मुहर है। बाइट.....**

*आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सेवा, सुरक्षा, सुशासन और लोक कल्याणकारी जो कार्य पिछले 11 वर्षो से निरन्तर चल रहे है उनकी विजय है अब हमारा राष्ट्रीय राजधानी भी विश्वास, सुशासन और लोक कल्याणकारी योजनाओं का सही लाभ दिल्लीवासियों को प्रदान करने में सफल होगा। अब हम कह सकते है कि मां यमुना के तट पर बसी हुई दिल्ली विकास का रसास्वादन करेगी और दिल्लीवासियों को सभी वेलफेयर स्कीम का लाभ प्रदान हो पायेगा।*

———————

**प्रयागराज में दिव्य और भव्य महाकुम्भ में आज शाम तक लगभग एक करोड़ 22 लाख श्रद्धालुओं ने संगम में डुबकी लगाई। इसी क्रम में आज मध्य प्रदेश क मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने परिवार के साथ त्रिवेणी में पवित्र स्नान किया। श्री**

यादव ने प्रदेश सरकार और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को इस भव्य आयोजन की सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं। बाइट.....

*मां गंगा, मां जमुना की कृपा है संगम का ये किनारा है तीर्थों में तीर्थ प्रयागराज सब तीर्थों का राजा है। इस समय यहां कुंभ स्नान का जो आनंद है यह कई जन्मों के पुण्य के बाद मिलता है। मेरी अपनी ओर से मध्य प्रदेशवासियों को उनके सबके बेहतरी के कल्याण के लिये खास करके युवा मित्रों के लिये बेरोजगारों के लिये, रोजगार उपलब्ध हो, जीवन खुशहल हो, सभी प्रकार के श्रेणियों के लोगों के लिये जीवन में मंगल ही मंगल हो।*

पूर्व केंद्रीय मंत्री और लोकसभा सांसद अनुराग ठाकुर ने भी त्रिवेणी में पवित्र स्नान किया। श्री ठाकुर ने खेल महाकुंभ में भी शिरकत की। उन्होंने कहा कि भारतीय पारम्परिक खेलों में अतंर्राष्ट्रीय खेल स्पर्धाओं में शामिल होने की क्षमता है। उन्होंने महाकुम्भ को एकता का महाकुम्भ बताया है।

————————

महाकुम्भ मेला क्षेत्र से लौटने वाले श्रद्धालु और अखाड़े के साधु–संत वाराणसी पहुंच रहे हैं। जूना अखाड़ा के हजारों नागा साधु कल काशी में प्रवेश करेंगे। इसको लेकर पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी तैयारियां पूरी कर रहे हैं। नागा साधु सकुशल अपने अखाड़े की तरफ पहुंच जाएं, इसके लिए मार्गों को आरक्षित किया गया है। वाराणसी के प‍ुलिस आयुक्त मोहित अग्रवाल ने बताया कि प्रशासन श्रद्धालुओं को साधु संतों के सुगम यातायात के लिए व्यापक

इंतज़ाम कर रहा है। काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन के लिए पहुंच रहे भक्तों की अधिक संख्या के मद्देनज़र भी प्रशासन ने विशेष इंतज़ाम किए हैं। बाइट.....

*कल 9 तारीख को इनका बनारस में नगर प्रवेश हो रहा है उसके लिये लगभग दो हजार की संख्या में नागा साधु जूना अखाड़ा के यहां पर आयेंगे। उसी का पूरा इंतजाम आज सभी प्रशासनिक अधिकारी यहां पर देख रहे है, उसके लिये रूट निर्धारित किया जा रहा है ओर हम लोग यह सुनिश्चित करेंगे कि रूट पर किसी भी तरह का व्यवधान उनको न मिले, ताकि जो आम पब्लिक है उसको भी किसी तरह का दिक्कत न हो, इसलिये रूट डायवर्जन की प्लांनिंग की जा रही है।*

———————

**ब्रेक**

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में कल हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में ‘कौशल भारत कार्यक्रम को एक साल के लिए विस्तार दे दिया गया है। केंद्रीय सूचना आर

प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि मांग–संचालित कौशल विकास सरकार का फोकस है। बाइट.....

*आज स्किल इंडिया प्रोग्राम को 8800 करोड़ रुपये नया अप्रूवल मिला है और इसमें बड़ा फोकस लाया गया है कि कन्वर्जनस पर बहुत ध्यान हो क्वालिटी पर बहुत ध्यान हो और इस तरह से हो कि जिससे क्वार्डिनेशन बने विभिन्न सेंटर्स में बहुत ध्यान दिया गया कि डिमांड ड्रिल्सस्किल डेवलपमेंट क्योंकि ये बहुत ही इम्पोर्टेन्ट है हमारे समाज के लिये हमारे नौजवानों के लिये हमारी अर्थव्यवस्था के लिये इकोनमामी के लिये बहुत ज्यादा इम्पोर्टेंट है इसमें जो सबसे बड़ा फ्लैगशिप प्रोग्राम है 6 हजार करोड़ का 8800 करोड़ रुपये में से वो है प्रधानमंत्री कौशल विकास परियोजना का वर्जन 4.0जो अप्रूड है।*

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग के कार्यकाल को 31 मार्च 2028 तक के लिए बढ़ाने को भी मंजूरी दे दी है। इससे सफाई कर्मचारियों के सामाजिक–आर्थिक उत्थान में मदद मिलेगी।

—————————

केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने आज नोएडा में भारतीय कला इतिहास कांग्रेस के 32वें सत्र का उद्घाटन किया। संस्कृति मंत्रालय के तहत 10 फरवरी 2025 तक आयोजित होने वाला ये सम्मेलन कला और संस्कृति में भारतीय महाकाव्यों का प्रतिपादन विषय पर आयोजित किया जा रहा है। इसका उद्देश्य महाकाव्यों पर आधारित कलात्मक अभिव्यक्तियों के विविध रूपों को उजागर करना है। इस अवसर पर श्री शेखावत ने कहा कि

हमारे महाकाव्यों ने देश ही नहीं दुनिया को जीवन जीने की कला बताई है।

————————

केंद्र सरकार ने देश को वर्ष 2027 तक फाइलेरिया मुक्त बनाने का लक्ष्य तय किया है। ऐसे में 10 से 28 फरवरी तक प्रदेश के 14 जनपदों के 45 ब्लॉक में मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन अभियान चलाया जाएगा। इसी के तहत आज लखनऊ में एक राज्य स्तरीय मीडिया कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में प्रदेश के चिकित्सा एवं स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ आर पी सिंह सुमन ने बताया कि अभियान के तहत एक करोड़ 10 लाख से अधिक लोगों को फाइलेरिया की दवा खिलायी जायेगी। बाइट.....

*फाइलेरिया एक लाइलाज बीमारी है और इसको सिर्फ प्रोवेंट किया जा सकता है। इसका ट्रीट नहीं किया जा सकता। इसलिये फाइलेरिया को हम लोग इस बार जो है 14 जनपदों के 45 ब्लाकों में फाइलेरिया रोधी दवाई खिलाने जा रहे है। प्रत्येक व्यक्ति को घर–घर जाकर हमारी टीम दवाई खिलायेगी। हर व्यक्ति को दवाई खानी है एक साल से छोटे बच्चों को हम दवाई नहीं खिलायेंगे। जो भी गर्भवती मातायें उनको दवाई नहीं खिलायेंगे। तीसरा जो गंभीर रोगी होगा उसको दवाई नहीं खिलायेंगे। तीन लोगों को छोड़कर हम 100 प्रतिशत पॉपुलेशन को जो भी हमको घर पर मिलेगी या जो भी पात्र होगी उसको दवाई खिलायी जायेगी।*

————————

उत्तराखंड में आयोजित 38वें राष्ट्रीय खेलों में 26 पदकों के साथ प्रदेश ग्यारहवें स्थान पर पहुंच गया है। राज्य के खिलाड़ियों ने दमदार प्रदर्शन करते हुए 9 स्वर्ण, 10 रजत और 7 कांस्य पदक हासिल किए हैं। कबड्डी, आर्चरी, ताईक्वांडो, वूशू और योगासन में प्रदेश ने स्वर्ण पदक जीते हैं जबकि वेट लिफ्टिंग, वूशू, रोविंग, योगासन, बॉक्सिंग और आर्चरी में रजत पदक हासिल हुए हैं। हैंडबॉल, वूशू, स्क्वाश, योगासन और ताईक्वानडो में राज्य के खाते में ब्रॉज़ मेडल आए हैं। इन खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन से प्रदेश के खेल जगत में खुशी की लहर है।

(समाप्त)